नीट पेपर लीक : छात्रों का हस्ताक्षर अभियान

- दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर कार्रवाई की निष्पक्ष जांच की मांग
- कॉलेज चौराहे पर युवाओं ने दर्ज कराया विरोध

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 24 जुलाई. गुरुवार-शुक्रवार की रात छात्रों ने नीट पेपर लीक मामले और दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया. शहर के कॉलेज चौराहे पर विभिन्न छात्र संगठनों और युवाओं ने एकत्र होकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया.

अभियान का नेतृत्व कर रहे सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा. जिलेभर के हजारों छात्र-छात्राओं से हस्ताक्षर करवाकर एक मांग पत्र तैयार किया जाएगा, जिसे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा. उन्होंने कहा कि दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए.साथ ही उन्होंने नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और प्रभावित छात्रों को न्याय दिलाने की मांग की.अभियान के पहले दिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बैनर पर हस्ताक्षर कर अपना समर्थन जताया.आयोजकों के अनुसार, आने वाले दिनों में अभियान को जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों तक विस्तार दिया जाएगा.

देरी-पठापुर मार्ग पर अवैध कब्जे का आरोप

- स्कूली बच्चों सहित पांच गांवों के लोग हो रहे हैं परेशान
- नायब तहसीलदार बोले : जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 24 जुलाई.तहसील छतरपुर के ग्राम देरी से पठापुर को जोड़ने वाले प्रधानमंत्री सड़क मार्ग पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है.ग्राम देरी के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि कुछ भूस्वामियों ने सड़क के हिस्से को जोतकर रास्ता बंद कर दिया है.उन्होंने मार्ग को तत्काल खुलवाने और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

ग्राम देरी के सरपंच योगेंद्र अहिरवार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग पिछले 100 वर्षों से अधिक समय से आम रास्ते के रूप में उपयोग में है.इसी मार्ग से देरी, कालापानी, धौरी, परा और नदगांव कलां के ग्रामीणों का आवागमन होता है.शिकायत में रतन सिंह, आनंद सिंह, शिवराज सिंह और खलक सिंह पर रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप लगाया गया है. ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग बंद होने से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को हो रही है.इस संबंध में नायब तहसीलदार रामनरेश गौतम ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है.मामले की जांच कराई जाएगी और यदि रास्ता सरकारी पाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

- सरस्वती विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान
- 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' के तहत हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 24 जुलाई.कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत सिंचाई कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्यालय में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.

जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी राजेंद्र कोष्टा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया.उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया.कार्यक्रम में प्राचार्य, खेलो इंडिया प्रशिक्षक दीपक मिश्रा, मलखंब एसोसिएशन के सचिव सौरभ कुशवाहा, विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.अंत में सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण और नशे से दूर रहने की शपथ ली.

तालाब सौंदर्यीकरण के काम पर उठाए सवाल

- मिट्टीनुमा डस्ट और पुराना मलबा लगाने के आरोप,
- जनपद के अधिकारी बोले- जांच कराई जाएगी

नवभारत न्यूज

लवकुशनगर, 24 जुलाई. जनपद पंचायत लवकुशनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत पांडेपुरवा में लाखों रुपये की लागत से कराए जा रहे तालाब सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है और गुणवत्तायुक्त सामग्री के बजाय मिट्टीनुमा जीरा डस्ट तथा पुरानी सीसी सड़क का मलबा मिलाकर निर्माण किया जा रहा है.इससे निर्माण की मजबूती और सरकारी धन के दुरुपयोग को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है.

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण स्थल पर कंक्रीट को मजबूत और टिकाऊ बनाने के लिए आवश्यक वाइब्रेटर मशीन का उपयोग भी नहीं किया जा रहा.उनका आरोप है कि निर्माण कार्य केवल खानापूर्ति के लिए किया जा रहा है, जिससे कुछ ही समय में तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य क्षतिग्रस्त होने की आशंका है. ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव और संबंधित अधिकारियों पर निर्माण कार्य की निगरानी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है.उनका कहना है कि जिम्मेदार इंजीनियर मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचते और बिना स्थल परीक्षण के ही मूल्यांकन कर दिया जाता है.इससे निर्माण की गुणवत्ता और पारदर्शिता दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं.ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप दोबारा निर्माण कराया जाए, ताकि सरकारी राशि का दुरुपयोग न हो.

इनका कहना है

तालाब सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी. यदि अनियमितता पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

ओपी दुबे, सहायक यंत्री, जनपद पंचायत लवकुशनगर

उदयपुर में तारबंदी के दौरान युवक से मारपीट

- लाठी-डंडों और पत्थरों से हमले में संतोष घायल
- पीड़ित ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 24 जुलाई.छतरपुर जिले के खजुराहो थाना क्षेत्र के ग्राम उदयपुर में तारबंदी के दौरान एक आदिवासी युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है.हमले में घायल युवक को पहले खजुराहो अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया.

जानकारी के अनुसार, उदयपुर निवासी संतोष आदिवासी शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे अपने खेत की तारबंदी कर रहे थे.इसी दौरान कुछ लोग मौके पर पहुंचे और उनके साथ लाठी-डंडों तथा पत्थरों से मारपीट कर दी.हमले में संतोष आदिवासी घायल हो गए.घायल का जिला अस्पताल में उपचार जारी है.पीड़ित ने बताया कि मामले की शिकायत खजुराहो थाने में कर दी गई है.उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है.पुलिस मामले की जांच कर रही है.

विधायक ललिता यादव ने सुनीं जनसमस्याएं

- हितग्राहियों को बांटे सहायता राशि के चेक

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 24 जुलाई. विधायक ललिता यादव ने शुक्रवार को अपने निवास पर क्षेत्र से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं.उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मामलों के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए.

इस अवसर पर विधायक ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद के तहत विधानसभा क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को आर्थिक सहायता राशि के चेक भी वितरित किए।

विधायक ललिता यादव ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है.उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं.

मिलावटी खाद्य पदार्थों की हो रही है बिक्री

नवभारत न्यूज

हरपालपुर,24 जुलाई. नगर में मिलावटी खाद्य पदार्थों बिक्री धड़ल्ले से चल रही हैं. होटल,दूध डेयरी और दुकानों पर गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री बेखौफ बेची जा रही है.खाद्य विभाग द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण नहीं किया जाता, जिससे घटिया खाद्य सामग्री बेचने वालों के हौसले बुलंद है.

नगर की मिठाई की दुकानों पर बर्फी, जलेबी, रसमलाई रसगुल्ला व होटलों-और ठेलों पर समोसा , कचोरी, भजिया चाट खुले में रखी रहती है. लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है.

इस मामले में खाद्य अधिकारी वंदना जैन का कहना है हम समय-समय पर निरीक्षण कर दूषित सामग्री बेचने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हैं. नागरिकों ने दूषित और मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने पर सख्त कार्रवाई की मांग की है.

निर्माणाधीन पुल से नीचे गिरी कार

चौकी प्रभारी समेत दो पुलिसकर्मी घायल

- स्थानीय लोगों ने सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठाए

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 24 जुलाई.जिले के हरपालपुर नगर स्थित निर्माणाधीन बाईपास पर देर रात एक सड़क हादसा हो गया.तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन पुल से नीचे जा गिरी.हादसे में काकुनपुरा चौकी प्रभारी राजेंद्र बागरी और हरपालपुर थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक बृजराज घायल हो गए.

दोनों को मामूली चोटें आई हैं और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.

पुलिस के अनुसार, दोनों पुलिसकर्मी कार से हरपालपुर की ओर जा रहे थे.निर्माणाधीन पुल के पास पहुंचते ही कार अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी.सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंचे तथा घायलों को वाहन से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए भेजा.

> प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार तेज रफ्तार में थी, जिसके कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका.हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.स्थानीय लोगों ने निर्माणाधीन बाईपास पर सुरक्षा इंतजाम और चेतावनी संकेतों की कमी पर नाराजगी जताई.पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है.

टैक्सी ने बाइक को मारी टक्कर, 4 लोग घायल

छतरपुर. बड़ामलहरा क्षेत्र के ईसानगर चौराहे पर शुक्रवार शाम तेज रफ्तार टैक्सी ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी.हादसे में बाइक सवार चार लोग घायल हो गए.सभी घायलों को पहले ईसानगर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया.घायलों में रचना आदिवासी, कृष्णा आदिवासी, संकु आदिवासी और रामसिंग आदिवासी शामिल हैं.पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है.

मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से चार मरीजों को सहायता

छतरपुर. मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित चार लोगों के उपचार के लिए कुल 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है.सामान्य प्रशासन विभाग ने उर्मिला सोनी, निधि जैन, कमलेश कुशवाहा और हरिजन मूलचंद को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि मंजूर की है, जिससे उनके उपचार में आर्थिक सहयोग मिल सके.

नौगांव में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर

- सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी, समझौता वार्ता विफल

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 24 जुलाई नगर पालिका के सफाई कर्मियों की हड़ताल लगातार पांचवें दिन भी जारी रहने से नौगांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है.नगर के अधिकांश वार्डों में कचरे के ढेर लगे हैं और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण पूरी तरह बंद है.

नगरवासियों का कहना है कि पहली बार इतनी लंबी अवधि तक सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हुई है.घरों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा जमा होने से दुर्गंध फैल रही है.सफाई कर्मियों का आरोप है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) आर.एस. अवस्थी ने उनके साथ कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया था.इस संबंध में उन्होंने थाना और एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण वे हड़ताल पर हैं.नगर पालिका परिषद में विवाद सुलझाने के लिए बैठक हुई, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों ने समझौते का प्रयास किया, लेकिन वार्ता बेनतीजा रही.सफाई कर्मियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होती, वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे.

खजुराहो-भोपाल के बीच नई ट्रेन को मिली मंजूरी

छतरपुर. खजुराहो से सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया को बताया कि केंद्र सरकार ने खजुराहो-भोपाल के बीच नई ट्रेन चलाने को मंजूरी दे दी है.उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात के दौरान यह स्वीकृति मिली और जल्द ही ट्रेन की आधिकारिक समय-सारिणी जारी की जाएगी.सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि नई ट्रेन से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा.

आंदोलन ▶ प्रभावितों को हक दिलाने के लिए अब गांव-गांव चलाया जाएगा 'न्याय सत्याग्रह

18 दिन बाद भटनागर ने स्थगित किया आमरण अनशन

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 24 जुलाई.केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित किसानों और आदिवासियों के अधिकारों को लेकर 18 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे जय किसान संगठन के प्रमुख अमित भटनागर ने बीती शाम अपना अनशन आधिकारिक रूप से स्थगित कर दिया.

जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने अपनी माता और आंदोलनकारी आदिवासी महिलाओं के हाथों नारियल पानी पीकर अनशन स्थगित किया.हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि अब इसे 'न्याय सत्याग्रह' के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा.

भटनागर ने जारी प्रेस नोट में बताया कि प्रशासन ने परियोजना से छूटे पात्र परिवारों के नाम जोड़ने के लिए प्रभावित गांवों में दोबारा सर्वे कराने का आदेश जारी किया है.उन्होंने कहा कि सर्वे की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जय किसान संगठन का एक प्रतिनिधि भी प्रशासनिक टीम के साथ रहेगा.

भटनागर ने बताया कि उनके अनशन को समाप्त करने की अपील नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेत्री मेधा पाटकर, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, अभिनेत्री पूजा भट्ट सहित देशभर की 400 से अधिक सामाजिक, किसान और सांस्कृतिक हस्तियों ने की थी.वहीं छतरपुर और पन्ना की ग्रामीण व आदिवासी महिलाओं द्वारा समर्थन में की गई 'चूल्हा-बंदी' भी उनके निर्णय का प्रमुख कारण बनी.

उन्होंने कहा कि 18 दिनों के अनशन से आंदोलन की पहली सफलता मिली है, लेकिन संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है. स्वास्थ्य लाभ के बाद वे गांव-गांव जाकर 'न्याय सत्याग्रह' चलाएंगे और परियोजना से प्रभावित प्रत्येक पात्र परिवार को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन जारी रखेंगे.साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन के सकारात्मक कदमों में सहयोग करेंगे, लेकिन किसी भी अन्याय के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा.

नगर परिषद ने चलाया पौधारोपण अभियान

- कर्मचारियों को दिए पांच-पांच पौधे
- पौधारोपण को सीआर से जोड़ा जाएगा

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 24 जुलाई.पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से नगर परिषद हरपालपुर ने शुक्रवार को वृहद पौधारोपण अभियान चलाया.अभियान के तहत मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र चौहान ने नगर परिषद के सभी कर्मचारियों को पांच-पांच पौधे वितरित किए और उन्हें दो घंटे के भीतर अपने घर या आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण करने के निर्देश दिए.

सीएमओ शैलेंद्र चौहान ने कर्मचारियों से कहा कि पौधारोपण के बाद उसकी फोटो और आवश्यक जानकारी वायुदूत एप पर अपलोड करें.उन्होंने बताया कि इस कार्य को कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली (सीआर) में भी शामिल किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी सहभागिता का मूल्यांकन किया जा सके.अभियान के दौरान कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया और पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया.नगर परिषद ने नागरिकों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की.